राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

अभिनंदन वंदन कार्यक्रम में राज्यपाल ने संबोधित किया

सभी को साथ लेकर राजस्थान के विकास के किए काम करूंगा - राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर, 31 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में गांव–गरीब और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने का निरंतर प्रयास रहा है। राजस्थान में भी अब सभी को साथ लेकर काम करूंगा। प्रयास रहेगा कि राजस्थान सभी क्षेत्रों में अग्रणी बने।

राज्यपाल श्री बागडे मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन- वंदन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री कलराज मिश्र ने संविधान जागरूकता के लिए जो नवाचार किए वह बहुत महत्वपूर्ण है। प्रयास करूंगा कि उनके कार्यों को आगे बढ़ाया जाए।

उन्होंने कहा कि सहकारिता, पशुपालन, डेयरी, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं कमजोर तबके के लोगों के उत्थान में मेरी विशेष रूचि रही है। प्रयास करूंगा कि राज्यपाल रहते हुए इन क्षेत्रों में काम करते हुए राजस्थान को विकास की राहों पर ले जाया जाए।

राज्यपाल ने अपने अभिनंदन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सहकारिता का अर्थ ही है मिल–जुल कर कार्य करें। इसी सोच से भविष्य में कार्य होगा। उन्होंने राजभवन में बने संविधान पार्क की चर्चा करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर संविधान सभा के अध्यक्ष रहे। वह महाराष्ट्र से ही थे।

उन्होंने पंडित दीनदयाल जी को स्मरण करते हुए कहा कि उनके साथ तीन दिन रहने का सौभाग्य मिला। जनसंघ का 1967 में अधिवेशन था, उसमें माननीय दीनदयाल जी आए थे। तब उनकी सेवा का और साथ रहने का अवसर मिला।

सार्वजनिक जीवन में रहते सदा गांव गरीब के लिए कार्य करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि दुग्ध व्यवसाय के लिए आरंभ से हमने कार्य किया। दूध के विपणन के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया। पशुपालन, खेती से, सहकारिता से कैसे आम जन का कल्याण हो, इस पर कार्य किया जाए।

अभिनंदन - वंदन
कार्यक्रम
आपणो अग्रणी
राजस्थान

अभिनंदन - वंदन
कार्यक्रम
आपणो अग्रणी
राजस्थान

-वंदन

आपणो अग्रणी
राजस्थान